पाठ 25

# सड़क सुरक्षा (जेब्रा क्रासिंग)

जेब्रा क्रासिंग सड़क पर पैदल चलने वाले यात्रियों के सुरक्षित तरीके से रोड पार करने हेतु होता है। हमेशा जेब्रा क्रासिंग पर चलकर रोड पार करना चाहिए। जेब्रा क्रासिंग काले एवं सफेद रंग की पट्टी होती है जो चौक के चारों तरफ पैदल यात्रियों के सुरक्षित रोड पार करने हेतु बनायी गयी होती है।

यदि सड़क पर जेब्रा कासिंग ना हो तो सड़क पार करते समय दाँए–बाँए देखें मोटर गाड़ी न आने पर ही रोड पार करें।

छोटे बच्चों को अकेले सड़क पार नहीं करना चाहिए। हमेशा अपने बड़ो का हाथ पकड़ कर ही रोड़ पार करें।

लाल बत्ती जलने पर ही जेब्रा क्रासिंग से सड़क पार करें।



उत्तर दो

खाली स्थान भरो :

प्रश्न 01. जेब्रा क्रासिंग ........................के सुरक्षित सड़क पार करने हेतु होता है।

प्रश्न 02. जेब्रा क्रासिंग ........................................रंग की पट्टी होती है।

प्रश्न 03. बच्चों को हमेशा ....................रोड पार करना चाहिए।

प्रश्न 04. सड़क पार करते समय हमेशा .................. देख कर पार करना चाहिए।